# International Police Expo 2021










# Coverage Snapshot

# Print Impressions

**Times of India**



# DRONES STEAL THE SHOW AT POLICE EXPO

Photos: **Piyal Bhattacharjee**

**FULL THROTTLE:** International Police Expo 2021 saw over 100 world-class companies from 15 countries, including Russia, Canada and France. The event, which was being held at Pragati Maidan and concluded on Thursday, covered latest trends impacting cyber security, need for digital investigation, modernised ammunition systems, drone and anti-drone technologies, surveillance, etc

**The Asian Age**




An exhibitor checks a special bulletproof vehicle which can move and float when needed at the "International Police Expo 2021" in New Delhi on Wednesday. The expo is a law enforcement trade show that places the spotlight on the latest innovations in security equipment, systems and technologies. — *PTI*

**The Morning Standard**



## GUN POINT

A policeman checks out a weapon at International Police Expo | PARVEEN NEGI

**The Pioneer**

PICTALK



A police officer checks out a weapon at the 'International Police Expo-2021', in New Delhi Ranjan Dimri I Pioneer

**The Statesman**

THUMBNAILS



Police officers try their hands on a new weapon at Asia's Biggest 'International Police Expo 2021',in the Capital on Wednesday. SNS

**Dainik Jagran**

# अंतरराष्ट्रीय पुलिस एक्सपो आज से

जासं, नई दिल्ली : प्रगति मैदान में बुधवार से तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय पुलिस एक्सपो शुरू होगा। छठा अंतरराष्ट्रीय पुलिस एक्स्पो में 15 देशों की 100 से अधिक कंपनियों द्वारा आधुनिक हथियार उपकरणों और तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा।

प्रगति मैदान में 18 से 20 अगस्त तक आयोजित होने वाले पुलिस एक्सपो के बारे में जानकारी देते हुए आयोजक मुकेश खारिया ने बताया कि आपातकालीन स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया व नए दौर के बढ़ते अपराधों को देखते हुए पुलिस की भूमिका भी बदल गई है। हमें कानून प्रवर्तन एवं भीतरी सुरक्षा को नया आयाम देने के लिए आधुनिक तकनीकों व नए अत्याधुनिक हथियारों की जरूरत है।

MAGZTER

**Hindustan**

एक किलोमीटर से अधिक दूरी तक निशाना लगाने वाली पिस्तौल से लेकर ड्रोन तक प्रदर्शित किए गए

# एक्सपो में अचंभित करने वाले अत्याधुनिक हथियार

18 से 19 अगस्त

INTERNATIONAL POLICE EXPO

नई दिल्ली | वरिष्ठ संवाददाता

दुनियाभर में लगातार बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों के मद्देनजर देश-विदेश के रक्षा उद्योग से जुड़ी कंपनियां राजधानी में अत्याधुनिक हथियार और साजो-सामान प्रदर्शित कर रही हैं। प्रगति मैदान में बुधवार को शुरू हुए दो दिवसीय छठे अंतरराष्ट्रीय पुलिस एक्सपो में अचंभित कर देने वाले सुरक्षा उपकरण प्रदर्शित किये गये हैं।

इनमें एक किलोमीटर से अधिक दूरी तक निशाना लगाने वाली पिस्तौल, हवा में 10 घंटे तक स्थिर रहकर जरूरी सूचनाएं और तस्वीरें लेने में सक्षम ड्रोन समेत अनेक अत्याधुनिक उपकरण सुरक्षा अधिकारियों को लुभा रहे हैं। बुधवार को केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के कई अधिकारी प्रदर्शनी के गवाह बने। आयोजकों को उम्मीद है कि दिल्ली पुलिस के अलावा अन्य केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों से जुड़े अधिकारी यहां आएंगे। आयोजकों ने बताया कि प्रगति मैदान के हॉल नंबर आठ-नौ में अमेरिका, रूस, फ्रांस, ब्रिटेन समेत 15 देशों की करीब 100 कंपनियों ने रक्षा उत्पाद प्रदर्शित किये हैं। बुलेट प्रूफ जैकेट, बख्तरबंद गाड़ियां, हर मौसम में दुश्मनों का पता लगाने और उसे मार गिराने में मदद करने वाले हथियार यहां आकर्षण का केंद्र हैं।



प्रगति मैदान में अंतरराष्ट्रीय पुलिस एक्सपो के दौरान बुधवार को हथियार देखते पुलिसकर्मी। • मो. जाकिर

## ये कंपनियां ले रहीं हिस्सा

इनडोइंग्स, फोस्टर प्लस फ्रीमैन, अप्लाईड कॉन्सेप्ट्स इंक, बायोनिक 8 एनालिटिक्स लिमिटेड, सेलेब्राईट, रैन्डॉक्स टेक्नोलॉजी, क्रेडेन्स सिक्योरिटी, साइबर आरोमोर, कल्याणी ग्रुप, टाटा अडवान्स्ड सिस्टम्स, अदानी डिफेन्स/ पीएलआर सिस्टम्स, सीएए इजरायल।

## क्या खास

- फायरआर्म्स
- ड्रोन्स
- बुलेट प्रूफ जैकेट
- काउंटर ड्रोन
- आर्मर्ड व्हीकल

**100**

से अधिक विश्वस्तरीय कंपनियां भाग ले रहीं हैं, 15 देश हिस्सा ले रहे।

## ये आकर्षण के केंद्र

### 10 सेकंड में पिस्टल बनी कार्बाइन

एक्सपो में सुरक्षाबलों के लिए बड़ी संख्या में हथियार भी प्रदर्शित किए गए हैं। इनमें इजरायली तकनीक से बनी पिस्टल सभी के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है, जिसे मात्र 10 सेकंड में कार्बाइन के रूप में परिवर्तित कर सकते हैं। 'इविटार' नाम की भारतीय कंपनी इस तकनीक को प्रदर्शित कर रही है। कंपनी के प्रमुख अमित अभयंकर के मुताबिक इस तकनीक वाले हथियारों का निर्माण भारत में किया जा रहा है। इसकी खास बात यह है कि सुरक्षा बल अपनी सुविधा के अनुसार पिस्टल और कार्बाइन का प्रयोग कर सकते हैं। आंतकी हमले या किसी आपातकालीन स्थिति में 10 सेकेंड में पिस्टल को कार्बाइन में बदला जा सकता है। पिस्टल की मारक क्षमता 50 मीटर तक है, जबकि काबाईन से 75 मीटर दूरी तक का लक्ष्य भेदा जा सकता है।

### 'कैनाइन सॉल्यूशन' से स्मार्ट बनेगा श्वान दस्ता

एक्सपो में श्वान दस्ते को स्मार्ट बनाने वाले उपकरण भी आकर्षित कर रहे हैं। 'कैनाइन सॉल्यूशन' नामक उपकरण की खासियत यह है कि जिन संकरे क्षेत्रों में सुरक्षा बल और ड्रोन की पहुंच नहीं होगी, वहां इसकी मदद से श्वान दस्ता पल-पल की खबर देगा। एक्सीकॉम टेक्नोलॉजी के अधिकारी रोहित नंबुदरी ने बताया कि जैकेटनुमा इस उपकरण में कैमरे और ट्रांसमीटर लगाए गए हैं। खोजी कुत्ते को पहनाकर दो किमी दूर से सुरक्षा बल किसी भी स्थिति की निगरानी कर सकते हैं। कमांड भी दे सकते हैं।



### 10 घंटे तक स्थिर रहकर स्ट्रीट लाइट भी बनेगा ड्रोन

'इंडो विंग्स' कंपनी ने 'साइबर वन' नाम से ड्रोन प्रदर्शित किया है। कंपनी के प्रमुख परास जैन का कहना है कि यह निगरानी करने के साथ आपदा के समय आसमान में एक जगह स्थिर रहकर 10 घंटे तक स्ट्रीट लाइट की तरह रोशनी दे सकता है।

**Amar Ujala**

# प्रगति मैदान में दो दिवसीय पुलिस एक्सपो का आगाज

**नई दिल्ली।** प्रगति मैदान में बुधवार को आयोजित छठे अंतरराष्ट्रीय पुलिस एक्सपो के दौरान 15 देशों की कंपनियों के अत्याधुनिक हथियारों का प्रदर्शन किया गया। दो दिवसीय एक्सपो में कोरिया, अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, दुबई, इस्राइल व यूक्रेन समेत कई देश हिस्सा ले रहे हैं।

पुलिस एक्सपो में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के 100 से भी अधिक संगठन शामिल हैं, जोकि हथियार, गोला-बारूद, रक्षा और सुरक्षा समेत विषम परिस्थितियों में इस्तेमाल किए जाने वाले आधुनिक उपकरणों का प्रदर्शन कर रहे हैं। एक्सपो के आयोजक मुकेश खरिया के मुताबिक, बढ़ते अपराध पर रोक लगाने के लिए पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों की भूमिका में बदलाव हुआ है। अंतरराष्ट्रीय पुलिस एक्सपो भारतीय पुलिस व अन्य सुरक्षा एजेंसियों के लिए इस कड़ी में मददगार साबित होगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर देश की सुरक्षा को अधिक बढ़ाया जा सकता है। आयोजन में राज्यों की पुलिस के साथ-साथ बीएसएफ, सीआईएसएफ, एसएसबी, एसटीएफ, जीआरपी व सीआरपीएफ व वायु सेना समेत अन्य इकाइयां भाग ले रही हैं। ब्यूरो




प्रगति मैदान में बुधवार को आयोजित छठे अंतरराष्ट्रीय पुलिस एक्सपो में आधुनिक हथियार देखते जवान। अमर उजाला

**Navbharat Times**

# 50 किमी की रेंज में ड्रोन को मार गिराने वाला सिस्टम बाजार में

■ राम त्रिपाठी, नई दिल्ली

**एंटी ड्रोन** सिस्टम की एंट्री भारत के ओपन मार्केट में हो चुकी है। इससे 5 से लेकर 50 किलोमीटर तक की रेंज में आए ड्रोन को मार गिराया जा सकता है। इस सिस्टम में सॉफ्ट और हार्ड दोनों तरह की टेक्नोलॉजी हैं। सॉफ्ट टेक्नोलॉजी से ड्रोन को प्रॉपर्टी से बाहर किया जा सकता है। वहीं, हार्ड टेक्नोलॉजी से ड्रोन पर फायर कर उसे नष्ट किया जा सकता है।

इस सिस्टम को प्राइवेट कंपनी भी खरीद सकती है। अभी इसके दाम तय नहीं हुए हैं। इसका प्रदर्शन प्रगति मैदान में 18 से 19 अगस्त के दौरान आयोजित पुलिस एक्सपो में किया गया है। इंडोविंड कंपनी के इस सिस्टम को भारत में निर्मित किया जा रहा है। इसका रडार ही यूरोप से आएगा। शेष हिस्सा नोएडा स्थित फैक्ट्री में निर्मित हो रहा है। प्रगति मैदान के हॉल नंबर 8, 9 और 10ए में आयोजित इस प्रदर्शनी में काफी सीमित संख्या में ही लोग आए हुए थे। प्रदर्शनी में वह रौनक नहीं थी, जो अमूमन होती है।



प्रगति मैदान में आयोजित पुलिस एक्सपो में किया प्रदर्शित

इंडोविंड के सीईओ पारस जैन ने एनबीटी को बताया कि पुलिसिंग सिस्टम के लिए ड्रोन भी कंपनी ने लॉन्च किया है। इसकी खासियत यह है कि यह 360 डिग्री तक घूम सकता है। 10 घंटे तक हवा में रहने की क्षमता वाले इस रडार में दिल्ली पुलिस ने दिलचस्पी दिखाई है। दिल्ली पुलिस ने उनके ड्रोन का प्रदर्शन देखने की इच्छा जताई है। इस ड्रोन को ऑपरेट करने के लिए 3-4 व्यक्तियों की जरूरत नहीं है, बल्कि एक व्यक्ति और एक बटन से यह यूज किया जा सकता है।

**Dainik Jagran**



2 राष्ट्रीय राजधानी

8647 आवेदन फेसलेस सुविधा होने के बाद लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस के लिए मिले हैं। इनमें पांच हजार से ज्यादा आवेदक लाइसेंस बनवा चुके हैं। 11 अगस्त से औपचारिक तौर पर परिवहन से जुड़ी सेवाओं को लेकर फेसलेस सुविधा की शुरुआत हुई थी।

www.jagran.com राष्ट्रीय संस्करण

दैनिक जागरण

गुरुवार 19 अगस्त, 2021

# स्वदेशी ड्रोन आपात स्थिति में दिखाएगा दम

धनंजय मिश्रा, नई दिल्ली

प्रगति मैदान में आयोजित पुलिस एक्सपो में एक से बढ़कर एक अत्याधुनिक हथियार व ड्रोन पेश किए गए हैं, लेकिन स्वदेशी कंपनी द्वारा बनाए गए साइबर वन ड्रोन की खासियत बेहद अलग है। यह ड्रोन देश का सबसे अत्याधुनिक ड्रोन है। नोएडा स्थित इंडो विंग्स कंपनी द्वारा तैयार किए गए इस ड्रोन की खासियत यह है कि चाहे बर्फीला मौसम हो, तेज बारिश हो या फिर तूफान हर मौसम में यह हवा में उड़ सकता है। रात के समय दिन जैसी तस्वीरें ले सकता है। साथ ही रात के समय हवा में रहकर एक बड़े दायरे में स्ट्रीट लाइट की सुविधा भी मुहैया करा सकता है। यह जंगल व पहाड़ी एरिया में उड़ सकता है।

कंपनी के सीईओ पारस जैन ने बताया कि इस ड्रोन का इस्तेमाल कई तरह से किया जा सकता है। इसलिए इसे हर मौसम को झेलने के लायक बनाया गया है। यह पुलिस के साथ-साथ सेना के लिए भी बेहद उपयोगी हो सकता है। इसे उड़ाना भी आसान है क्योंकि यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित वन टच फ्लाइट की तरह है यानी रिमोट से इसका संपर्क टूट नहीं सकता है। उन्होंने बताया कि इसका निर्माण पूरी तरह से देश में किया गया है। इसकी कीमत अभी निर्धारित नहीं की गई है।

**यह है खासियत**

- पांच से छह किलोमीटर तक की ऊंचाई तक उड़ सकता है।
- 10 किलोमीटर तक लगातार हवा में उड़ सकता है।
- एक बार प्रोग्रामिंग के बाद 10 किलोमीटर तक गश्त कर सकता है, साथ ही भीड़ वाले क्षेत्र में वायरलेस के माध्यम से अनाउंसमेंट किया जा सकता है।
- तेल व गैस रिफाइनरियों में रिसाव का पता लगाने में सक्षम है।
- सौर ऊर्जा फार्म का थर्मल मैपिंग कर सकता है।
- रात के समय कोई घटना हो जाती है तो यह हवा में रहकर 10 घंटे तक स्ट्रीट लाइट की सुविधा मुहैया कर सकता है।
- हर मौसम में इसका इस्तेमाल किया जा सकता है।
- 80 से 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ सकता है।
- 360 डिग्री घूमने वाला हाई डाइमेंशन कैमरे से लैस है। जो रात में भी अच्छी तस्वीरें ले सकता है।
- प्रोग्रामिंग के बाद संदिग्ध पर नजर रखने के साथ ही उसका पीछा भी कर सकता है।

प्रगति मैदान में छठे अंतरराष्ट्रीय पुलिस एक्सपो में लांच किया गया साइबर वन ड्रोन। सौजन्य-पुलिस एक्सपो

# 15 देशों की कंपनियों ने पेश किए सुरक्षा उपकरण

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली

प्रगति मैदान में बुधवार से दो दिवसीय छठे इंटरनेशनल पुलिस एक्सपो का आगाज हुआ है। इसमें इजराइल, कोरिया, अमेरिका, दुबई, ब्रिटेन, यूक्रेन, रूस समेत 15 देशों की कंपनियों ने नवीनतम तकनीक के प्रयोग से बनाए गए हथियार को प्रदर्शित किया है। इसका उद्देश्य पुलिस आधुनिकीकरण और आंतरिक सुरक्षा के बुनियादी ढांचे, नवीनतम और उन्नत हथियार, गोला-बारूद, लड़ाकू व बख्तरबंद वाहन, साइबर सुरक्षा व बचाव की नई तकनीक को जानने के साथ उन्हें अपनाने का प्रयास किया जाना है। देश की पुलिस, नागरिक सुरक्षा और होमलैंड सिक्योरिटी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए इस एक्सपो को आयोजन नेक्सजेन एक्जिबिशन द्वारा किया गया है।

एक्सपो में सौ से अधिक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय संगठन शामिल हुए हैं। जिन्होंने रक्षा और सुरक्षा, पुलिस और नागरिक सुरक्षा, हथियार और गोला-बारूद, कठिन इलाकों में विषम परिस्थितियों में प्रयोग किए जाने वाले नए उपकरणों का प्रदर्शन किया है। आयोजन के बारे में इंटरनेशनल पुलिस एक्सपो के आयोजक मुकेश खरिया ने बताया कि आपातकालीन स्थिति में सबसे पहले प्रतिक्रिया और नए दौर में बढ़ते अपराधों पर रोकथाम को लेकर पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों की भूमिका बदल गई है। हमें विश्वास है कि इंटरनेशनल पुलिस एक्सपो भारतीय पुलिस व अन्य सुरक्षा एजेंसियों के लिए मददगार साबित होगा। आधुनिक तकनीक से देश को अधिक सुरक्षित बनाया जा सकता है।

प्रगति मैदान में छठे अंतरराष्ट्रीय पुलिस एक्सपो में बुधवार को आधुनिक हथियारों का अवलोकन करते पुलिस कर्मी। ध्रुव कुमार

**स्वदेशी कंपनियों ने भी हथियारों का किया है प्रदर्शन**

इस बार के पुलिस एक्सपो में विदेशी कंपनियों के साथ ही स्वदेशी कंपनियों ने भी रक्षा से जुड़े अत्याधुनिक हथियारों को प्रदर्शित किया है। इनमें प्रमुख रूप से अडानी ग्रुप, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड, इंडो विंग्स कंपनी, कल्यानी ग्रुप आदि शामिल हैं। अडानी ग्रुप की ओर से असाल्ट राइफल, स्नाइपर राइफल्स जिससे 1200 मीटर से अधिक की दूरी से निशाना लगाया जा सकता है, दोनों हाथों से चलाने वाली पिस्टल आदि को प्रदर्शित किया गया। वहीं टाटा की ओर से अत्याधुनिक नवीनतम ड्रोन व साइबर अपराधों पर रोकथाम के लिए उपकरणों को पेश किया गया। इस पूरे आयोजन में राज्यों की पुलिस, सीआरपीएफ, बीएसएफ, सीआइएसएफ, एसएसबी, आइटीबीपी, आरपीएफ, जीआरपी, एसटीएफ, एनआइए, वायु सेना, आयुध निर्माणी बोर्ड, स्टेट फारेंसिक लैब से जुड़े प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

**Rashtriya Sahara**



नी में बुधवार से शुरू अंतरराष्ट्रीय पुलिस एक्सपो में अत्याधुनिक शस्त्रों को देखते पुलिस के अधिकारी। *फोटो : अनिल सिन्हा*



# शुरू हुआ इंटरनेशनल पुलिस एक्सपो

दिल्ली (वार्ता)। इंटरनेशनल पुलिस एक्सपो राजधानी में बुधवार से शुरू हो गया 15 देशों के 100 से अधिक विश्वस्तरीय कंपनियां भाग ले रही हैं। ये कंपनियां आर्म्स, ड्रोन्स, बुलेट प्रूफ जैकेट, साइबर सिक्योरिटी, मोबाइल फोरेंसिक, टर ड्रोन, आर्मर्ड व्हीकल आदि में इनोवेशन्स पेश कर रही हैं। इसके आयोजक मैन एक्जीविशन्स ने यहां जारी बयान में कहा कि इस दो दिवसीय एक्सपो में 15 देशों 0 से अधिक कंपनियां हिस्सा ले रही हैं। इनमें इनडोइंग्स, फोस्टर प्लस फ्रीमैन, इड कॉन्सेप्ट्स इंक, वायोनिक 8 एनालिटिक्स लिमिटेड, सेलेब्राइट, रैन्डॉक्स लॉजी, क्रेडेन्स सिक्योरिटी, साइबर आरोमोर, कल्याणी ग्रुप, टाटा अडवान्स्ड न्स, अदानी डिफेन्स/ पीएलआर सिस्टम्स, सीएए इस्रायल आदि शामिल हैं।

# Online Impressions



TH In photos: International Police Expo 2021

DELHI

# In photos: International Police Expo 2021

AUGUST 19, 2021 11:35 IST
UPDATED: AUGUST 19, 2021 11:52 IST

SHARE ARTICLE PRINT A A A

1/8

**Publication:** The Hindu
**Link:** https://www.thehindu.com/news/cities/Delhi/in-photos-international-police-expo-2021/article35991754.ece/photo/1/




An exhibitor arranges weapons at his stall at Asia's Biggest "INTERNATIONAL POLICE EXPO 2021", in New Delhi.

**Publication:** Outlook India
**Link:** https://www.outlookindia.com/photos/dayin/08/19/2021?photo-281037#photo-281037

# International Police Expo: गोला-बारूद, ड्रोन, बख्तरबंद वाहन बने Expo के आकर्षण केंद्र, 15 देशों ने प्रदर्शित की मॉर्डन तकनीक



पुलिस को और ज्यादा आधुनिकीकरण और आंतरिक सुरक्षा मजबूत बनाने की दिशा में अंतर्राष्ट्रीय पुलिस एक्सपो 2021 का नई दिल्ली में शुभारम्भ हुआ.

**International Police Expo 2021:** नई दिल्ली के प्रगति मैदान में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय पुलिस एक्सप्रेस का आयोजन किया गया है. इसमें दुनिया के 15 देशों की 100 से ज्यादा विश्वस्तरीय कंपनियों ने अपने हथियारों और आधुनिक तकनीकों को प्रदर्शित किया है. विश्वस्तरीय कंपनियों ने फायरआर्म्स, ड्रोन्स, बुलेट प्रूफ जैकेट, साइबर सिक्योरिटी, मोबाइल फोरेंसिक, काउन्टर ड्रोन, आर्मर्ड व्हीकल आदि में इनोवेशन्स को पेश किया है.

- NEWS18HINDI
- LAST UPDATED : AUGUST 19, 2021, 13:13 IST

**Publication:** News18 (Hindi)
**Link:** https://hindi.news18.com/news/nation/ammunition-drones-armored-vehicles-became-center-of-attraction-in-international-police-expo-15-countries-participated-3700956.html

Home » News » Nation

# International Police Expo: प्रगति मैदान में दुनिया के 15 देशों के आधुनिक हथियारों की होगी प्रदर्शनी




इंटरनेशन पुलिस एक्सपो का छठा संस्करण भारतीय पुलिस एवं सम्बद्ध बलों के लिए मददगार साबित होगा. (File Photo)

International Police Expo 2021: 15 देशों से 100 से अधिक विश्वस्तरीय कंपनियां फायरआर्म्स, ड्रोन्स, बुलेट प्रूफ जैकेट, साइबर सिक्योरिटी, मोबाइल फोरेंसिक, काउन्टर ड्रोन, आर्मर्ड व्हीकल आदि में इनोवेशन्स पेश करेंगी, जिन्हें 2000 से अधिक पुलिस एवं रक्षा कर्मियों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा. Expo 2021 का आयोजन नेक्सजेन एक्ज़हीबिशन्स द्वारा प्रगति मैदान में 18-19 अगस्त 2021 को किया जाएगा.

- NEWS18HINDI
- LAST UPDATED : AUGUST 17, 2021, 12:52 IST

**Publication:** News18 (Hindi)
**Link:** https://hindi.news18.com/news/nation/international-police-expo-to-exhibit-latest-arms-ammunitions-and-technologies-from-15-countries-3697771.html


प्र चुनें कोरोना महिंद्रा ट्रैक्टर्स जागरण

म ताज़ा राष्ट्रीय SME Awards स्पेशल पॉलिटिक्स दुनिया विश्वास न्यूज़ मनोरंजन बिजनेस लाइफस्टाइल

# भविष्य की पुलिस और हथियार की प्रदर्शनी के साथ शुरू हुआ इंटरनेशनल पुलिस एक्सपो



**Publication:** Dainik Jagran
**Link:** https://www.jagran.com/delhi/new-delhi-city-ncr-international-police-expo-begins-with-future-police-and-weapons-exhibition-21941448.html




## प्रगति मैदान में इंटरनेशनल पुलिस एक्सपो शुरू, इन देशों की बड़ी कंपनियां ले रही भाग

**Publication:** Navodaya Times
**Link:** https://www.navodayatimes.in/news/khabre/international-police-expo-begins-at-pragati-maidan-kmbsnt/178856/

एनसीआर

## दिल्ली : प्रगति मैदान में बुधवार से तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय पुलिस एक्सपो

वरिष्ठ संवाददाता, नई दिल्ली ● Published By: Shivendra Singh

Mon, 16 Aug 2021 09:26 PM



**Publication:** Hindustan

**Link:** https://www.livehindustan.com/ncr/story-delhi-three-day-international-police-expo-from-wednesday-at-pragati-maidan-4371963.html

**आयोजन:** प्रगति मैदान में इंटरनेशनल पुलिस एक्सपो का छठा संस्करण, दुनिया के 15 देशों के आधुनिक हथियारों की होगी प्रदर्शनी

नई दिल्ली 7 दिन पहले



**Publication:** Dainik Bhaskar
**Link:** https://www.bhaskar.com/local/delhi-ncr/news/6th-edition-of-international-police-expo-at-pragati-maidan-exhibition-of-modern-weapons-from-15-countries-of-the-world-128824989.html

बिजनेस

Posted at: Aug 18 2021 10:49PM

# शुरू हुआ इंटरनेशनल पुलिस एक्सपो

नयी दिल्ली 18 अगस्त (वार्ता) इंटरनेशनल पुलिस एक्सपो राजधानी में आज से शुरू हो गया जिसमें 15 देशों के 100 से अधिक विश्वस्तरीय कंपनियां भाग ले रही हैं।

ये कंपनियां फायरआर्म्स, ड्रोन्स, बुलेट प्रूफ जैकेट, साइबर सिक्योरिटी, मोबाइल फोरेंसिक, काउन्टर ड्रोन, आर्मर्ड व्हीकल आदि में इनोवेशन्स पेश कर रही हैं। इसके आयोजक नेक्सजेन एक्ज़हीबिशन्स ने यहां जारी बयान में कहा कि इस दो दिवसीय एक्सपो में 15 देशों से 100 से अधिक कंपनियां हिस्सा ले रही है।

इनमें इनडोइंग्स, फोस्टर प्लस फ्रीमैन, अप्लाईड कॉन्सेप्ट्स इंक, बायोनिक 8 एनालिटिक्स लिमिटेड, सेलेब्राईट, रैन्डॉक्स टेक्नोलॉजी, क्रेडेन्स सिक्योरिटी, साइबर आरोमोर, कल्याणी ग्रुप, टाटा अडवान्स्ड सिस्टम्स, अदानी डिफेन्स/पीएलआर सिस्टम्स, सीएए इज़रायल आदि शामिल हैं।

**Publication:** UNI Varta
**Link:** http://www.univarta.com/%E0%A4%B6-%E0%A4%B0-%E0%A4%B9-%E0%A4%86-%E0%A4%87-%E0%A4%9F%E0%A4%B0%E0%A4%A8-%E0%A4%B6%E0%A4%A8%E0%A4%B2-%E0%A4%AA-%E0%A4%B2-%E0%A4%B8-%E0%A4%8F%E0%A4%95-%E0%A4%B8%E0%A4%AA/business/news/2480738.html

# International Police Expo 2021: दिल्ली में इंटरनेशनल पुलिस एक्सपो आज से शुरू, 15 देशों की 100 से ज्यादा कंपनियां लेंगी हिस्सा

दिल्ली में आज से तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय पुलिस एक्सपो 2021 (International Police Expo 2021) शुरू हो रहा है। एक्सपो में साइबर सुरक्षा, सुरक्षा एवं बचाव, फोरेन्सिक, संचार एवं संचरण प्रणाली, बैलिस्टिक सुरक्षा आदि पर चर्चा होगी।

By: Nitin Singh
Published: 18 Aug 2021, 07:37 AM IST New Delhi, Delhi, Delhi, India




**Publication:** Patrika
**Link:** https://www.patrika.com/new-delhi-news/international-police-expo-2021-will-start-from-today-at-pragati-maida-7015146/

# International Police Expo 2021: छठे अन्तर्राष्ट्रीय पुलिस एक्सपो में दुनिया के 15 देशों के आधुनिक हथियारों की होगी प्रदर्शनी।

International Police Expo 2021: छठे अन्तर्राष्ट्रीय पुलिस एक्सपो का आयोजन नई दिल्ली के प्रगति मैदान में 18-19 अगस्त 2021 को किया जाएगा।

by **Sadaf Saifi** Reading Time: 1min read 0 0 AA 0




**Publication:** Jantra TV
**Link:** https://www.jantantratv.com/today-google-samachar-in-hindi/international-police-expo-2021-6th-int-police-expo-to-be-conducted-soon-76959/

# International Police Expo: गोला-बारूद, ड्रोन, बख्तरबंद वाहन बने Expo के आकर्षण केंद्र, 15 देशों ने प्रदर्शित की मॉर्डन तकनीक

By **admin** August 19, 2021 3 0

Facebook | Twitter | Pinterest | Linkedin | Email | +




**Publication:** BD India News

**Link:** https://bdindianews.in/2021/08/19/international-police-expo-%E0%A4%97%E0%A5%8B%E0%A4%B2%E0%A4%BE-%E0%A4%AC%E0%A4%BE%E0%A4%B0%E0%A5%82%E0%A4%A6-%E0%A4%A1%E0%A5%8D%E0%A4%B0%E0%A5%8B%E0%A4%A8-%E0%A4%AC%E0%A4%96%E0%A5%8D%E0%A4%A4/

Home / National / International Police Expo: प्रगति मैदान में दुनिया के 15 देशों के आधुनिक हथियारों की होगी प्रदर्शनी




**Publication:** 24 Hour News
**Link:** https://24hrnews.in/international-police-expo-%E0%A4%AA%E0%A5%8D%E0%A4%B0%E0%A4%97%E0%A4%A4%E0%A4%BF-%E0%A4%AE%E0%A5%88%E0%A4%A6%E0%A4%BE%E0%A4%A8-%E0%A4%AE%E0%A5%87%E0%A4%82-%E0%A4%A6%E0%A5%81%E0%A4%A8%E0%A4%BF/

राज्य दिल्ली

# 6th edition of International Police Expo at Pragati Maidan, exhibition of modern weapons from 15 countries of the world | प्रगति मैदान में इंटरनेशनल पुलिस एक्सपो का छठा संस्करण, दुनिया के 15 देशों के आधुनिक हथियारों की होगी प्रदर्शनी

**Publication:** News JoJo
**Link:** https://www.newsjojo.in/6th-edition-of-international-police-expo-at-pragati-maidan-exhibition-of-modern-weapons-from-15-countries-of-the-world-15/

# Event: Sixth edition of International Police Expo at Pragati Maidan, exhibition of modern weapons from 15 countries of the world

AUGUST 18, 2021 / STATES DELHI

Mail Us For DMCA / Credit Notice




1. SCRAP CAR PRICES
2. CURRENT MILITARY PAY CHART
3. WHAT IS THE VALUE OF MY HOUSE
4. LAPTOP CLEARANCE SALE
5. POLICE OFFICER SALARY
Ad | Business Focus

Recent Articles

**Publication:** Granth Shala
**Link:** https://granthshala.in/event-sixth-edition-of-international-police-expo-at-pragati-maidan-exhibition-of-modern-weapons-from-15-countries-of-the-world/

# Electronic Coverage




**Publication:** ANI News
**Link:** https://www.youtube.com/watch?v=LhhGUjS2yYM




#AajTakHD #HindiNews #AajTak

**International Police Expo 2021: आने वाले दिनों में Police इस तरह के हथियारों से लैस होगी!**

**Publication:** Aaj Tak HD
**Link:** https://www.youtube.com/watch?v=s9_XNiS2pCo




**Publication:** Times Now (Hindi)
**Link:** https://www.youtube.com/watch?v=-6efwXHzOZ8




#News18India #KishoreAjwani #SauBaatKiEkBaat

**19 August 2021 | Sau Baat Ki Ek Baat | ISH News | News18 India | Kishore Aiwani I ISL**

**Publication:** ISH News
**Link:** https://www.youtube.com/watch?v=75Q4hk_-zS4




**Publication:** News18 India




**Publication:** Zee News

# THANK YOU